

**विराट, रोहित, वॉर्नर तोड़ सकते हैं 400 वाला रेकॉर्ड**

50 साल के लारा ने कहा, उस रेकॉर्ड को डेविड वॉर्नर या विराट कोहली तोड़ सकते हैं। रोहित शर्मा, किसी अपने दिन, इस रेकॉर्ड को आसानी से तोड़ सकते हैं। वेस्ट इंडीज के शिमरॉन हेटमायर नंबर–3 पर बैटिंग करते हैं तो वह भी तोड़ सकते हैं। यह अटैकिंग प्लेयर होने पर निर्भर करता है।

## बेस्ट क्रिकेटर की तुलना पर हंसते थे सचिन और मैं: ब्रायन लारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रिंस ऑफ त्रिनिदाद के नाम से मशहूर दिग्गज क्रिकेटर ब्रायन लारा को रिटायर हुए एक दशक बीत चुका है लेकिन उनके फैंस दुनिया भर में मौजूद हैं। कुछ ऐसे रेकॉर्ड रहे जो वेस्ट इंडीज के महानतम क्रिकेटरों में शुमार ब्रायन लारा ने 17 साल के अपने इंटरनैशनल करियर में नहीं तोड़े। उनकी तुलना कई बार भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर से भी की गई लेकिन लारा ने कहा कि जब भी इस तरह की तुलना होती थी तो वह और सचिन हंसते थे।

लारा का फैन बेस आज भी काफी मजबूत है। वह जहां भी जाते हैं, फैंस और मीडिया पीछे रहते हैं। वह कुछ कहते हैं तो हेडलाइंस बनती है। 90 के दौर में क्रिकेट फैंस के बीच एक ही बात की चर्चा होती थी, कौन दुनिया का बेस्ट बल्लेबाज है– लारा या तेंडुलकर। लारा से जब इस बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई क्रिकेटर इस तरह की तुलना पर ध्यान देता है। मैं और सचिन, जब भी इस तरह की तुलना के बारे में बात करते थे तो जोक बनाते थे, हंसते थे। ऐसा कई बार हुआ।

# मंधाना को आईसीसी की वनडे और टी20 टीम में मिली जगह

**क्रिकेट**

### आईसीसी महिला टी20 टीम आफ द ईयर में मंधाना के साथ हरफनमौला दीप्ति शर्मा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) की साल की एकदिवसीय और टी20 टीम में शामिल किया गया है। एकदिवसीय टीम में मंधाना के साथ झूलन गोस्वामी, पूनम यादव और शिखा पांडे को भी जगह मिली है जबकि और टी20 टीम में उनके साथ हरफनमौला दीप्ति शर्मा हैं।

23 साल की मंधाना ने 51 एकदिवसीय और 66 टी20अंतरराष्ट्रीय के अलावा दो टेस्ट मैच में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने एकदिवसीय और टी20 में 3476 रन बनाए हैं। इस साल की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ रेकॉर्ड 148 रन की पारी खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर चुना गया।



ऑस्ट्रेलिया की एलिसे पेरी साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय खिलाड़ी चुनी गई हैं। इस हरफनमौला खिलाड़ी के नाम 2019 में 73.50 की औसत से 441 रन बनाने के अलावा 13.52 की औसत से 21 विकेट भी हैं। ऑस्ट्रेलिया की ही मेग लैनिंग को एकदिवसीय और टी 20 दोनों टीमो का कप्तान चुना गया है।

पेरी को इसके साथ ही सभी फॉर्मेट को मिलाकर दिए जाने वाले रशेल हेहोई–फ्लिंट पुरस्कार (साल का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर) के लिए चुना गया। वर्ष की उभरती हुई क्रिकेटर का पुरस्कार थाईलैंड की चानिंडा सुथिरयुंग को दिया गया। 26 साल की इस तेज गेंदबाज ने इस साल आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वॉलिफायर में 12 विकेट लिए थे।

राचेल हेहोए फ्लिंट अवॉर्ड – महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर – एलिसे पेरी (ऑस्ट्रेलिया)

आईसीसी महिला वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर– एलिसे पेरी (ऑस्ट्रेलिया)

आईसीसी महिला टी20 प्लेयर ऑफ द ईयर– एलिसा हीली (ऑस्ट्रेलिया)

आईसीसी इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर – चानिंडा सुथिरयुंग (थाइलैंड)

साल की आईसीसी महिला वनडे टीम (बैटिंग ऑर्डर से)

1. एलिसा हीली– ऑस्ट्रेलिया
2. स्मृति मंधाना– भारत
3. टी. ब्यूमॉंट– इंग्लैंड
4. मेग लैनिंग– ऑस्ट्रेलिया
5. स्टेफनी टेलर– वेस्ट इंडीज
6. एलिसे पेरी– ऑस्ट्रेलिया
7. जेस जोनासन– ऑस्ट्रेलिया
8. शिखा पांडे– भारत
9. झूलन गोस्वामी– भारत
10. मेगन शट– ऑस्ट्रेलिया
11. पूनम यादव– भारत

# टेनिस पर भी पड़ा फिक्सिंग का साया टॉप-30 में शामिल एक खिलाड़ी पर संदेह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बर्लिन। दुनिया के टॉप–30 खिलाड़ियों में शामिल एक खिलाड़ी सहित कुल 135 खिलाड़ी 3 यूरोपियन देशों के अलावा अमेरिका में जारी मैच फिक्सिंग जांच में संदेह के घेरे में हैं। जर्मन मीडिया में आई खबरों के मुताबिक जांचकर्ताओं को यकीन है कि इसमें कुल 135 खिलाड़ी शामिल हैं। दैनिक समाचार पत्र 'डाइ वेल्ट' और प्रसारक 'जेडडीएफ' की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार टॉप–30 में शामिल एक पुरुष खिलाड़ी पर संदेह है। इस खिलाड़ी ने तीन एटीपी टूर खिताब जीते हैं।

**आर्मेनिया का कनेक्शनः** रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि आर्मेनियाई सट्टेबाजी माफिया



नेटवर्क का हाथ इस मैच फिक्सिंग मामले में है। बेल्जियम के सरकारी अभियोजक एरिक बिसचोप ने जेडडीएफ से कहा कि हम आर्मेनियाई सट्टेबाजी माफिया नेटवर्क के बारे में बात कर रहे हैं जो यूरोप में सात देशों में फैला है और बड़े स्तर पर हेराफेरी करता है। उन्होंने कहा कि फिक्स किए गए मैचों पर लगे सैकड़ों छोटे–छोटे सट्टे शामिल हैं जिसमें प्रत्येक मामले में लाखों यूरो की कमाई

**टेनिस फिक्सिंग में दुनिया भर के कुल 135 खिलाड़ी शामिल**

की गई।

जेडडीएफ और डाइ वेल्ट ने अर्जेंटीना के पूर्व खिलाड़ी मार्को ट्रुंगेलिटी से भी बात की जिन्होंने दावा किया था कि सट्टेबाजों ने उनसे संपर्क किया था। ट्रुंगेलिटी ने कहा कि टॉप–50 में शामिल प्रफेशनल खिलाड़ियों ने भी मैच फिक्स किए हैं। यह सभी स्तरों पर होता है। वैसे इस साल जनवरी में स्पेन की पुलिस ने एक आर्मेनियाई गैंग द्वारा की गई मैच फिक्सिंग के मामले की जांच के दौरान 15 लोगों को गिरफ्तार किया था। वैसे दावा तो यह भी किया गया था कि गिरफ्तार किए गए लोगों में स्पेन के टेनिस खिलाड़ी मार्क फोर्नेल मेस्ट्रेस भी शामिल थे।

## भारतीय पुरुष और महिला टीम न्यू जीलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगी अपना पहला मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 2020 तोक्यो ओलंपिक में 25 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। महिला टीम के सामने इस दिन पहले मुकाबले में नीदरलैंड की चुनौती होगी। एफआईएच ने मंगलवार को कार्यक्रम जारी की है। इसके मुताबिक भारत की दोनों टीमें टूर्नामेंट के पहले दिन अपने अभियान को शुरु करेगी।

आठ बार की चौम्पियन पुरुष टीम न्यूजीलैंड के बाद विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर काबिज आस्ट्रेलिया से 26 जुलाई को भिड़ेगी। इसके बाद ग्रुप ए में शामिल भारतीय टीम का सामना स्पेन (28 जुलाई), गत चौम्पियन अर्जेंटीना (30 जुलाई) और मेजबान जापान (31 जुलाई) को होगा। ग्रुप ए में शामिल भारतीय महिला टीम 27 जुलाई को जर्मनी, 29 जुलाई को ग्रेट ब्रिटेन,31 जुलाई को आयरलैंड और एक अगस्त को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलना है। एफआईएच के बयान के मुताबिक महिलाओं के स्वर्ण पदक का मैच छह अगस्त जबकि पुरुषों का मुकाबला सात अगस्त को खेला जाएगा।

## न्यूज डायरी



### बुमराह ने पुराने ऐक्शन में बोलिंग की, पृथ्वी ने ट्रेनर के साथ की प्रैक्टिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** विशाखापत्तनम। जसप्रीत बुमराह ने भारतीय टीम के वैकल्पिक अभ्यास सत्र में पुराने ऐक्शन के साथ गेंदबाजी की, जबकि पृथ्वी साव ने ट्रेनर निक वेब के साथ अभ्यास किया। लेकिन वह पूरी तरह फिट नजर नहीं आए। बुमराह स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण बाहर हैं लेकिन अगले साल न्यू जीलैंड दौरे के लिए उनके फिट होने की उम्मीद है।

वहीं साव डोपिंग के कारण 8 महीने का प्रतिबंध झेलने के बाद घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए शानदार वापसी कर चुके हैं। भारतीय टीम प्रबंधन उनके फिटनेस स्तर की समीक्षा से पहले दोनों से बात करेगा। बुमराह को अभ्यास के दौरान भारतीय टीम की जर्सी दी गई। उन्होंने करीब एक घंटे तक ऋषभ पंत, मनीष पांडे और मयंक अग्रवाल को गेंदबाजी की।

### लक्ष्य नौ स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ 32वें स्थान पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की मंगलवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में पुरुष एकल वर्ग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 32वें स्थान पर पहुंच गए हैं। लक्ष्य ने रविवार को बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय चौलेंज का खिताब जीता था जो पिछले साल टूर्नामेंटों में उनका पांचवां खिताब है। भारत के 18 साल के लक्ष्य ने ढाका में फाइनल में मलेशिया के लियोंग जुन हाओ को 22–20 21–18 से हराकर खिताब जीता। लक्ष्य ने साल का अपना पहला खिताब सितंबर में बेल्जियम इंटरनेशनल टूर्नामेंट के रूप में जीता। इसके बाद उन्होंने अक्टूबर में डच ओपन सुपर 100 और सारलोरलक्स सुपर 100 का खिताब जीतने के बाद नवंबर में स्काटिश ओपन का खिताब भी अपने नाम किया। पुरुष एकल में बी साई प्रणीत और किदांबी श्रीकांत क्रमशरू 11वें और 12वें स्थान पर बरकरार हैं।

### दीपक पूनिया यूडब्ल्यूडब्ल्यू के साल के सर्वश्रेष्ठ जूनियर फ्रीस्टाइल पहलवान बने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। विश्व चौंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया को यूनाइटेड विश्व कुश्ती (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने साल का सर्वश्रेष्ठ जूनियर फ्रीस्टाइल पहलवान चुना है।पूनिया ने पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया और इस दौरान सफलतापूर्वक जूनियर से सीनियर सर्किट में जगह बनाने में सफल रहे। पूनिया सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 साल में जूनियर विश्व खिताब जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान बने। इसके बाद उन्होंने सीनियर विश्व कुश्ती चौंपियनशिप में पदार्पण करते हुए रजत पदक जीता। पूनिया ने कहा, ''मैं बेहद खुश हूं। दुनिया भर के पहलवानों के बीच से चुना जाना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। अपने प्रदर्शन में सुधार करने और अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए यह मेरे लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत है।'' यह 18 वर्षीय भारतीय पहलवान नूर सुल्तान में विश्व चौंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय था।

### भारत दौरे के लिए लाबुशाने ऑस्ट्रेलियाई वनडे टीम में शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज मार्नस लाबुशाने को भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है। लाबुशाने ने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करके 58.05 की औसत से रन बनाए। उन्होंने अपने पिछले तीन मैचों में शतक जड़ा। हरफनमौला सीन एबोट की पांच साल बाद टीम में वापसी हुई है। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और स्पिनर एश्टन एगर भी टीम में लौटे हैं। ग्लेन मैक्सवेल, उस्मान ख्वाजा, शॉन मार्श और नाथन लॉयन टीम में नहीं है। ऑस्ट्रेलियाई स्टार जोड़ी स्टीव स्मिथ और डेविड वॉर्नर टीम में हैं। पहला वनडे मुंबई में 14 जनवरी को, दूसरा राजकोट में 17 जनवरी और तीसरा बेंगलुरू में 19 जनवरी को खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता ट्रेवर होंस ने कहा, 'हमें यकीन है कि मार्नस लाबुशाने भारत में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मुख्य कोच जस्टिन लैंगर भारत नहीं जाएंगे।